**आईआईएम रांची में खेलो इंडिया खेल की बात पीएम के साथ विशीष ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन**

## राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत पहले दिन शिक्षण संस्थानों में 'खेलो इंडिया संवाद' आयोजित

# पीएम से युवाओं को मिला खेल फिटनेस व नशामुक्ति का संदेश

- राजधानी के उच्च संस्थानों से लेकर 24 जिलों के 35 हजार स्कूलों में खेलों से जुड़ने का आह्वान
- आईआईएम, बीआईटी मेसरा और संत जेवियर्स के छात्रों ने पीएम को सुना, बदला-बदला रहा माहौल




**रांची, वरीय संवाददाता।** आईआईएम रांची में 'खेलो इंडियाः खेल की बात पीएम के साथ' के तहत एक विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, आईआईएम निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, माई भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी और यूथ आइकन डॉ गौरव अग्रवाल ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने युवाओं को खेल से जुड़ने की सीख दी।

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि 'खेलो इंडिया' राज्यों के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं को सही मंच प्रदान करने और एक मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और आईआईएम के छात्रों के बीच संवाद सत्र हुआ। इसमें अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी दिनेश कुमार, राष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी नेहा नाग, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आयुषी कदू, बास्केटबॉल खिलाड़ी श्रीजीत शिवडेकर शामिल हुए। खिलाड़ियों ने खेल अकादमियों का बेहतर प्रचार-प्रसार करने और ग्रामीण युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्पोर्ट्स आइकॉन्स से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया।



आईआईएम रांची में गुरुवार को 'खेलो इंडियाः खेल की बात पीएम के साथ' ऑनलाइन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व अतिथियों के साथ छात्र।

## स्कूलों में उत्साह, ऊर्जावान 29 चैलेंज में बच्चों ने दिखाया जलवा

**रांची, वरीय संवाददाता।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर झारखंड में खेल उत्सव का उत्साहपूर्ण आगाज गुरुवार को हुआ। राज्य के सभी 24 जिलों में सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के 35 हजार से अधिक विद्यालयों में खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम पर विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियां आयोजित हुईं।

पहले दिन विद्यालय परिसर खेल व फिटनेस की गतिविधियों से जीवंत नजर आए। बच्चों ने ऊर्जावान 29 चैलेंज के अंतर्गत पुशअप, स्किपिंग और प्लैंक चैलेंज में अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। पास द बॉल एवं स्पोर्ट्स बंधन जैसी सामूहिक गतिविधियों में टीम भावना का परिचय दिया। खेल एवं स्वास्थ्य के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए विद्यार्थियों द्वारा स्लोगन एवं नारा लेखन तथा निबंध लेखन जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

## खेलो इंडिया संवाद में छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ

रांची। राष्ट्रीय खेल दिवस पर गुरुवार को बीआईटी मेसरा में 'खेलो इंडिया संवाद' का आयोजन किया गया। उद्घाटन राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी और कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना ने किया। कार्यक्रम में खेल हस्तियों-चंचल भट्टाचार्य, संजय कुमार और पूर्व ओलंपियन मनोहर टोपनो ने छात्रों के साथ संवाद किया। वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अंत में नशा मुक्त भारत की शपथ ली गई।

## वर्चुअल कार्यक्रम में 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज में गुरुवार को 'खेलो इंडिया युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अनिरबान गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न इस वर्चुअल कार्यक्रम में 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान देशभर के महाविद्यालयों के साथ-साथ छात्र सीधे प्रधानमंत्री से जुड़े। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, फादर डॉ. अजय मिंज एसजे, फादर डॉ प्रभात कैनेडी सोरेंग एसजे, केके लाल, संजय शौर्य, माई भारत उपनिदेशक श्वेता सिंह मौजूद रहीं।

Hindistan_28.08.2026_P. 12

# आईआईएम रांची में खेलो इंडिया खेल की बात पीएम के साथ विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन



रांची। भारतीय प्रबन्धन संस्थान रांची में 'खेलो इंडिया' खेल की बात पीएम के साथ' के तहत एक विशेष ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन  आईआईएम रांची एवं मेरा युवा भारत झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में आईआईएम रांची में हुआ। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में देशभर के 5,000 से अधिक संस्थानों से 10 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जिसमें आईआईएम रांची से भी सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार संजय सेठ शामिल हुए। वहीं, आईआईएम रांची के निद. ेशक प्रो.दीपक कुमार श्रीवास्तव, माई भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी और यूथ आइकन डा.गौरव अग्रवाल बतौर अतिथि उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को खेल से जुड़ने की सीख दी। प्रधानमंत्री ने नशा मुक्त समाज के लिए खेल और बेहतर जीवन शैली को आपस में जोड़ने की बात कही। नशा मुक्त समाज के निर्माण में खेल एक सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने टैलेंट हंट योजना के तहत 5 से 15 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की सुविधाएं दी जाएंगी। इससे पूर्व, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और आईआईएम रांची के छात्रों के साथ संवाद किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी दिनेश कुमार, राष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी नेहा नाग, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आयुषी कदू, राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्रीजीत शिवडेकर शामिल हुए। खिलाड़ियों ने खेल अकादमियों का बेहतर प्रचार-प्रसार करने और ग्रामीण युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्पोर्ट्स आइकॉन्स से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। संवाद कार्यक्रम के बाद खेल के क्षेत्र में भारत को कैसे आगे बढ़ाया जा सके इस संबंध में युवाओं से सुझाव लिया गया। खेल सुविधाओं के विकास और संवर्धन के लिए आईआईएम रांची के छात्र जीत विश्वास, सौरव कुमार, जय पमनानी, उत्कर्ष आनंद, विकास और ऋषिका ने अपने सुझाव पेश किए। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया।

## बीआईटी मेसरा में खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित

रांची। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में बीआईटी मेसरा में 27 अगस्त को 'खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, रांची के सहयोग से किया गया, जिसे इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु श्रेणी-ए के अंतर्गत प्रमुख संस्थानों में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि और लोकसभा के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, तथा अध्यक्ष के रूप में संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भारतीय पूर्व क्रिकेटर एमएस.धोनी के कोच और मार्गदर्शक चंचल भट्टाचार्य, राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी संजय कुमार, तथा 1984 में लॉस एंजिल्स, अमेरिका में आयोजित ओलंपिक में खेल चुके पूर्व हॉकी खिलाड़ी मनो. हर टोप्नो उपस्थित रहे। संस्थान की एनएसएस यूनिट के 400 छात्रों की उपस्थिति के साथ स्थानीय इन्फ्लुएंसर्स तथा लगभग 5000 अन्य कॉलेजों ने भी ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअली इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार वर्मा ने इस अवसर पर भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इस संगोष्ठी के महत्व तथा खेलों के क्षेत्र में भारत की बढ़ती प्रगति पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े, जिनका सभी ने खड़े होकर तालियों के साथ सम्मानपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के महत्व पर भाषण दिया, युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया तथा नशीले पदार्थों के सेवन से बचने और उसके प्रभाव पर विशेष बल दिया, और अंत में एक सकारात्मक संदेश के साथ अपनी बात समाप्त की। उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को संस्थान के ऐक्टिंग कुलपति प्रो.अशोक शरण, कुलसचिव डा.राजेश जैन, छात्र मामलों के डीन डा.प्रवीण श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम समन्वयक, डा.ओ.पी.पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त भारत की शपथ के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया।

Azad Sipahi_28.08.2026

### आईआईएम रांची और बीआईटी मेसरा में 'खेलो इंडिया संवाद', प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े

# खेल केवल मेडल जीतने का माध्यम नहीं, व्यक्ति को जिम्मेदार व बेहतर नागरिक बनाता है : मोदी

सिटी रिपोर्टर | रांची

राष्ट्रीय खेल दिवस पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची और बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा में 'खेलो इंडिया संवाद: खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के 5,000 से अधिक संस्थानों से जुड़े 10 लाख से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों और जनप्रतिनिधियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन में मोदी ने युवाओं को खेल से जुड़ने की सीख दी। कहा- खेल केवल मेडल जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति को एक जिम्मेदार और बेहतर नागरिक बनाता है। किसी भी खिलाड़ी की सफलता उसके परिवार, संस्थान और देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाती है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि 2026 और आने वाले वर्षों में भारत ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इसके मद्देनजर युवाओं को पारंपरिक खेलों से आगे बढ़कर वॉटर और विंटर स्पोर्ट्स में भी अपनी पहचान बनानी चाहिए, क्योंकि भारत के पास इसके लिए उपयुक्त भूगोल और जनसांख्यिकी दोनों उपलब्ध हैं। उन्होंने टैलेंट हंट योजना का जिक्र करते हुए कहा कि 5 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं दी जाएंगी। अंत में, उन्होंने नशा मुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया।

## आईआईएम रांची के कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए



आईआईएम रांची और 'मेरा युवा भारत झारखंड' के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव, माई भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी और यूथ आइकन डॉ. गौरव अग्रवाल शामिल हुए। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि यह संवाद देश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं को सही मंच प्रदान करने और एक मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

वहीं, बीआईटी मेसरा, रांची में राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व लोकसभा सांसद रामटहल चौधरी, एमएस धोनी के कोच चंचल भट्टाचार्य और राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी संजू कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्थान के 400 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को उत्साह के साथ सुना।

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने छात्रों के साथ संवाद किया, नशा मुक्त भारत की शपथ ली

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी दिनेश कुमार, राष्ट्रीय तीरंदाज नेहा नाग, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आयुषी कदू और राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी श्रीजीत शिवडेकर ने छात्रों के साथ संवाद किया। खिलाड़ियों ने खेल अकादमियों के बेहतर प्रचार-प्रसार और ग्रामीण युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद आईआईएम रांची के छात्रों जीत विश्वास, सौरव कुमार, जय पमनानी, उत्कर्ष आनंद, विकास और ऋषिका ने खेल सुविधाओं के विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव पेश किए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ ली।

Dainik Bhaskar_28.08.2026_P. 7

प्रातः आवाज

राजधानी

# खेल में खिलना केवल मेडल जीतने तक सीमित नहीं' : पीएम मोदी

प्रातः आवाज



**रांची।** IIM रांची और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में 'खेलो इंडिया : खेल की बात पीएम के साथ' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें देश के 5,000 से अधिक संस्थानों के 10 लाख से अधिक युवा जुड़े, IIM रांची से भी सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि खेल केवल मेडल जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनाने का जरिया है। खिलाड़ी की सफलता परिवार से लेकर देश तक को वैश्विक पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि 2026 और आने वाले वर्षों में ओलंपिक जैसे आयोजनों की तैयारी के साथ वॉटर और विंटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना होगा और खेल को नशा मुक्त समाज के निर्माण का सशक्त माध्यम बनाना होगा। टैलेंट हंट योजना के तहत 5 से 15 वर्ष के बच्चों को चिह्नित कर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, IIM निदेशक प्रो. दीपक श्रीवास्तव, माई भारत की राज्य निदेशक ललिता कुमारी और यूथ आइकन डॉ. गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय खिलाड़ियों दिनेश कुमार, नेहा नाग, आयुषी कदु और श्रीनीत शिवडेकर ने छात्रों से संवाद किया। अंत में सामूहिक नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

PratahAwaj_28.08.2026